कार्यालय, जिला शिक्षा अधिकारी, (प्रारम्भिक शिक्षा) नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल।

आदेश संख्या/प्रा॰शि॰–2–विज्ञप्ति/ 293 /प्रत्यावेदन/2024–25 दिनांक 29 जुलाई, 2024

विज्ञप्ति

इस कार्यालय के आदेश संख्या/प्रा॰शि॰–2–विज्ञप्ति/174/स॰अ॰(प्राथमिक)/2024–25 दिनांक 10 जून, 2024 के द्वारा जनपद टिहरी के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक वेतनमान 35400–112400 लेवल–06 के 279 सहायक अध्यापक प्राथमिक, 11 अनुसूचित जाति बैकलॉग एवं 25 दिव्यांगजन बैकलॉग (12 दृष्टि बाधित एवं 13 श्रवण ह्रास) के पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी। उक्त विज्ञप्ति के सापेक्ष अभ्यर्थियों द्वारा प्रेषित आवेदन पत्रों में संलग्न शैक्षिक व प्रशिक्षण प्रमाण पत्रों के आधार पर पूर्णांक/प्राप्तांकों का विवरण अंकित किया गया है, उक्त विवरण को विभागीय वेवसाईट www.schooleducation.uk.gov.in पर इस आशय से प्रदर्शित किया जा रहा है कि अभ्यर्थी उक्त सूची में अंकित अपना विवरण, पूर्णांक/प्राप्तांक का मिलान कर लें, यदि अंकित विवरण में कोई भिन्नता परिलक्षित होती है तो अपना प्रत्यावेदन तत्काल अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय की ई–मेल tehri.deo@gmail.com पर दिनांक 03–08–2024 सायं 5:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करायें। **प्रत्यावेदन में अपना क्रम संख्या व कन्ट्रोल नम्बर एवं आरक्षण सम्बन्धी कैटेगरी जैसे SC/ST/OBC/EWS/GEN का उल्लेख अवश्य किया जाय।** उक्त तिथि एवं समय के उपरान्त किसी भी प्रत्यावेदन पर विचार नही किया जायेगा।

29/07/2024

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0शि0)
टिहरी गढवाल, नई टिहरी।

पृष्ठांकन संख्या/प्रा॰शि॰–2–विज्ञप्ति/ 2714 /प्रत्यावेदन/2024–25 दिनांक उक्तांकित।

प्रतिलिपिः– सम्पादक दैनिक जागरण, अमर उजाला एवं हिन्दुस्तान टिहरी गढवाल, नई टिहरी को इस आशय से कि कल दिनांक 30–07–2024 के अंक उत्तराखण्ड संस्करण जो पूरे प्रदेश में प्रसारित हो, को शासकीय दरों पर प्रकाशित करने का कष्ट करें, तथा प्रकाशन के पश्चात दो प्रतियों में बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

29/07/2024

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा0शि0)
टिहरी गढवाल, नई टिहरी।